# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 14 | अंक 7 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 30 जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक


# मोदी कैबिनेट विस्तार की चर्चा तेज

**भोपाल।** देश की सियासत में इन दिनों मोदी मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार को लेकर सुगबुगाहट बेहद तेज हो गई है। इस बीच राजनीतिक गलियारों से आ रही बड़ी खबर के अनुसार, मध्य प्रदेश के खाते से एक और सांसद को केंद्र सरकार में जगह मिल सकती है। चर्चा है कि हाल ही में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद चुने गए भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।




## पंजाब का बड़ा चेहरा हैं तरुण चुघ

तरुण चुघ भाजपा संगठन का एक बेहद मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। वे मूल रूप से पंजाब से आते हैं और वहां पार्टी का एक बड़ा और प्रभावशाली चेहरा हैं। हालांकि, हाल ही में भाजपा ने उन्हें मध्य प्रदेश के कोटे से राज्यसभा भेजा था। दिल्ली के सियासी हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि आगामी कैबिनेट विस्तार में पंजाब और संगठन में उनके काम को देखते हुए उन्हें केंद्रीय मंत्री के रूप में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यदि ऐसा होता है, तो दिल्ली दरबार में मध्य प्रदेश का दबदबा और अधिक बढ़ जाएगा।

### अभी मध्य प्रदेश के ये 6 सांसद हैं केंद्र में मंत्री

### वर्तमान में मोदी सरकार में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व बेहद मजबूत है

### सूबे से कुल 6 सांसद (5 लोकसभा और 1 राज्यसभा) केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं।

»» 1.शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री विदिशा (लोकसभा)

»» 2.ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालयगुना (लोकसभा)

»» 3.डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीककेंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रीटीकमगढ़ (लोकसभा)

»» 4.सावित्री ठाकुरमहिला एवं बाल विकास मंत्रालय (राज्य मंत्री)धार (लोकसभा)

»» 5.दुर्गादास उईकेजनजातीय मामलों के मंत्रालय (राज्य मंत्री)बैतूल (लोकसभा)

»» 6.एल. मुरुगनसूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा संसदीय कार्य मंत्रालय (राज्य मंत्री)मध्य प्रदेश (राज्यसभा)

### जॉर्ज कुरियन भी रहे मप्र के खाते से मंत्री

इससे पहले केरल से आने वाले भाजपा नेता जॉर्ज कुरियन को भी मध्य प्रदेश के कोटे से ही राज्यसभा भेजकर केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी।

### मध्य प्रदेश को क्यों मिल रही है इतनी तरजीह?

**लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप (सभी सीटें जीतकर) कर भाजपा ने इतिहास रचा था। राज्य में पार्टी के इस बंपर प्रदर्शन का इनाम केंद्र सरकार में मंत्रियों की संख्या के रूप में साफ दिखाई दे रहा है। अब तरुण चुघ के नाम की चर्चा ने मध्य प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में उत्साह और बढ़ा दिया है।**

# वर्षाकाल की तैयारियों का आयुक्त ने लिया जायजा, जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

आदित्य शर्मा



**इंदौर। नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शहर के जल जमाव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्टॉर्म वॉटर लाइन, ड्रेनेज चैंबर और जल निकासी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित सफाई, सतत मॉनिटरिंग और जल भराव की सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री सिंघल ने बंगाली चौराहा, खजराना गणेश मंदिर रोड, विजय नगर चौराहा, रोबोट चौराहा, एम.आर.-10 रोड, शिव कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर वर्षा जल निकासी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने प्रत्येक जोनल कार्यालय में आवश्यक संसाधनों सहित दल तैयार रखने के निर्देश दिए। साथ ही मेट्रो परियोजना के अधिकारियों को निर्माण स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, जल जमाव रोकने और त्वरित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।**

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर बिल्डर पर एक लाख का जुर्माना



आदित्य शर्मा

**इंदौर।** आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर में निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा नागरिक सुविधाओं को प्रभावित करने वाले मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।निगम ने निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और नर्मदा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने पर झोन क्रमांक 22 के वार्ड 36 स्थित मेसर्स परिमा डेवलपर्स पर 1 लाख का चालान किया है। निरीक्षण में पाया गया कि भवन निर्माण के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, जिससे नर्मदा जलप्रदाय पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा और जलापूर्ति प्रभावित हुई। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने निर्देश दिए हैं कि सभी निर्माण एजेंसियां सुरक्षा मानकों का पालन करें और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, सुरक्षा और जल निकासी पर विशेष जोर



इंदौर। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शनिवार सुबह शहर की विभिन्न मास्टर प्लान सड़कों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और शाम को अधिकारियों, निर्माण एजेंसियों, ठेकेदारों एवं कंसल्टेंट्स के साथ समीक्षा बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह, नरेश जायसवाल, पराग अग्रवाल, संबंधित विभागीय अधिकारी, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि, ठेकेदार, कंसल्टेंट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त ने मधु मिलन चौराहा, छावनी, कलाल कुई, चंद्रभागा पुल, जिंसी, हरसिद्धि, सांवेर रोड, जंजीरवाला, एमआर-9 और भमोरी रोड सहित कई स्थानों पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्षाकाल को देखते हुए निर्माण स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में आयुक्त सिंघल ने शहर की विभिन्न मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए। समीक्षा बैठक में सदर बाजार रोड से गुटकेश्वर मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य तीन माह में, अन्नपूर्णा विश्वकर्मा नगर का शेष कार्य 15 दिनों में तथा कलाल कुई नाला कार्य एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तक सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

# नमामि गंगे परियोजना के तहत आयुक्त का निरीक्षण, निर्माणाधीन एसटीपी कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर





**आदित्य शर्मा**

इंदौर। नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत कबीटखेड़ी स्थित 120 एमएलडी एवं किला मैदान मंडी कार्यालय के पीछे निर्माणाधीन 35 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा सिरपुर तालाब का निरीक्षण किया।

उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयसीमा की समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री श्री अश्विन जनवदे सहित संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आयुक्त ने शहर में उपचारित (ट्रीटेड) जल की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने और उसके पुनः उपयोग के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही सिरपुर तालाब के अपस्ट्रीम क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु जल निकासी कार्यों में तेजी लाने और बाधाओं को नियमानुसार हटाने के निर्देश भी दिए।

# "भरोसे की मिसाल बने दो अधिकारी, प्रशासन और संवाद की ताकत से बनाई अलग पहचान"

**राजेन्द्र कानूनगो और संजय सक्सेना की कार्यशैली बनी सुशासन, समन्वय और जनसंपर्क की मिसाल**

**राजेश धाकड़**

लोकतंत्र में सरकार की नीतियों को धरातल तक पहुंचाने में अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम होती है। मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधि जहां नेतृत्व की दिशा तय करते हैं, वहीं अनुभवी अधिकारी अपनी प्रशासनिक क्षमता, समन्वय और कार्यकुशलता से उस दिशा को सफल बनाते हैं।

मध्यप्रदेश में ऐसे ही दो नाम हैं राजेन्द्र कानूनगो और संजय सक्सेना, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में भरोसे और दक्षता की पहचान बनाई। राजेन्द्र कानूनगो ने मुख्यमंत्री कार्यालय में रहते हुए प्रशासनिक प्रबंधन, कार्यक्रम समन्वय और व्यवस्था संचालन



में अपनी अलग छाप छोड़ी। बड़े आयोजनों से लेकर विभागीय तालमेल तक, उनकी कार्यशैली में अनुशासन, समय प्रबंधन और टीम भावना स्पष्ट दिखाई दी।

वहीं संजय सक्सेना ने जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई। सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी संवाद के माध्यम से जनता और राष्ट्रीय मीडिया तक पहुंचाने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। दोनों अधिकारियों की कार्यशैली यह संदेश देती है कि प्रशासन में सफलता केवल पद से नहीं, बल्कि अनुभव, विश्वसनीयता और परिणाम देने की क्षमता से तय होती है। अलग-अलग जिम्मेदारियों के बावजूद दोनों ने शासन व्यवस्था में समन्वय और संवाद की मजबूत कड़ी के रूप में अपनी पहचान कायम की। मध्यप्रदेश के प्रशासनिक और जनसंपर्क क्षेत्र में राजेन्द्र कानूनगो और संजय सक्सेना की कार्ययात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए दक्षता, समर्पण और सुशासन का उदाहरण बनी रहेगी।

# प्रतिबंधित पॉलिथीन पर निगम की बड़ी कार्रवाई



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से निगम द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। निगम ने राजबाड़ा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए राजदीप कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट स्थित गोदाम से करीब 100 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन कैरी बैग जब्त किए। कार्रवाई के दौरान व्यापारी प्रदीप भीमवानी पर 25 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलिथीन के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

# बंबई बाजार क्षेत्र में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में



कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत बंबई बाजार वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उप निरीक्षक मीरा सिंह ने अपनी टीम के साथ गत 24 जून 2026 को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर तेज बारिश के बीच भोलेनाथ मंदिर के पास, लोहा मंडी मार्केट में पुल पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक जुपिटर स्कूटर (क्रमांक MP09 AK 4043) की तलाशी लेने पर आरोपी के पैरों के पास सफेद रंग की बोरी में 72 केन,, पिट्ठू बैग और स्कूटर की डिक्की में 24-24 केन बियर , कुल 120 केन (500 एमएल प्रत्येक) और कुल लगभग 60 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। जब्त मदिरा और वाहन की कुल अनुमानित कीमत एक लाख 41 हजार 800 रुपए रही। आरोपी शराब के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आबकारी दल ने मौके से अवैध मदिरा एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटर को जब्त कर आरोपी राहुल अलोने पिता भईयालाल अलोने,31 वर्ष निवासी 24, तिरुपति नगर, एयरपोर्ट रोड, थाना एरोड्रम, इंदौर के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कराया गया है। आरोपी ने पूछताछ में देबू ठाकुर के लिए काम करना बताया जिसकी तलाश की जा रही है।

# सीएम हेल्पलाइन और जनसेवाओं पर विशेष फोकस रखने के लिए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीएम हेल्पलाइन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों को जारी किए गए शोकाज नोटिस,कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन सख्त, भवनों के निरीक्षण और कार्रवाई तेज करने के दिए गए निर्देश**



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकताओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य तथा अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह तथा श्री एन.एन. पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंकिंग लगातार सुधर रही है और सभी विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं तथा भविष्य में भी उदासीनता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें उपसंचालक कृषि, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक और सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग शामिल है। बैठक में श्री शिवम वर्मा ने जिले में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को भवनों के निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई की गति तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 70 से अधिक भवनों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर सील किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य भवनों को सील करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक भवन में पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध हों और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की समुचित तैयारियां रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों, स्कूलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बहुमंजिला भवनों में फायर सेफ्टी मानकों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए। साथ ही भवन संचालकों को सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सुधार शीघ्र कराने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और जहां भी नियमों की अनदेखी मिलेगी, वहां नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब निर्माण, गहरीकरण एवं कैचमेंट चैनलों की सफाई की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

बैठक में समान नागरिक संहिता (UCC) के संबंध में आमजन से सुझाव और फीडबैक देने की अपील भी की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने नागरिकों से शासन द्वारा बनाए गए पोर्टल पर अपने सुझाव दर्ज कराने का आग्रह किया। बैठक में बताया गया कि नागरिक सेवाओं को और सरल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक नए चैटबॉट का ट्रायल वर्जन शुरू किया गया है। इस चैटबॉट के माध्यम से फिलहाल मूल निवासी, आय एवं जाति प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए घर बैठे आवेदन किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि भविष्य में इसमें और भी सेवाएं जोड़ी जाएंगी, जिससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बैठक में शहर के निर्माणाधीन फ्लाईओवर कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि बाधक संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 30 जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक



# पत्रकारिता पर सवाल

## क्या सत्ता के करीब जाने की कीमत है सवाल पूछने की ताकत खोना?"




### मध्यप्रदेश में पत्रकारिता की भूमिका पर बहस तेज, लेखक ने उठाए मीडिया के रवैये पर सवाल

**राजेश धाकड़**

मध्यप्रदेश की पत्रकारिता को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ पत्रकार सत्ता के करीब रहने के चलते अपनी सवाल पूछने की भूमिका से पीछे हट रहे हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण देते हुए कहा गया कि एक सांप ने महात्मा से शिकायत की कि लोग उसे परेशान करते हैं। महात्मा ने उसे लोगों को नुकसान पहुंचाना छोड़ने की सलाह दी थी, लेकिन सांप ने काटना तो छोड़ दिया, फुफकारना भी छोड़ दिया। संदेश यही था कि विनम्रता जरूरी है, लेकिन अपनी ताकत और पहचान खत्म करना नहीं।

लेख में पत्रकारिता से जुड़े कुछ घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया गया कि क्या मीडिया को अपनी स्वतंत्रता और सवाल करने का अधिकार बनाए रखना चाहिए। ग्वालियर की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का उदाहरण देते हुए कहा गया कि पत्रकारों और नेताओं के बीच संवाद की भाषा में बदलाव देखने को मिल रहा है। वहीं भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकारों के सवाल पूछने के अवसर सीमित होने को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। लेख में उज्जैन जमीन विवाद से जुड़ी मीडिया कवरेज का भी उल्लेख किया गया और कहा गया कि बड़े मुद्दों पर मीडिया की सक्रियता और निष्पक्षता जरूरी है।

»» लेखक ने अंत में पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, पत्रकारिता की असली ताकत सवाल पूछने और सच सामने लाने में है।

# तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**अभियान के पहले दिन टीकाकरण केंद्रों पर लाखों बच्चों को पिलाई गई पोलियो निरोधक दवा,अभियान के तीन दिनों में 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य**

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पॉलीक्लिनिक हुकुमचंद परिसर में किया गया। अभियान की शुरुआत छोटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की गई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और इस जनजागरूकता अभियान में भागीदार बनें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि इंदौर आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य को लेकर सजग है और पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता के लिए निकाली गई ऑटो रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही उन्होंने हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक, रेबीज टीकाकरण केंद्र, नियमित टीकाकरण केंद्र, आदर्श टीकाकरण केंद्र और डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण भी किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों तक टीम पहुंचेगी। पोलियो निरोधक दवा की खुराक देने के लिए जिले में 3600 से अधिक बूथ बनाए गए, मोबाइल टीमों और 8 हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई । अभियान के तहत विशेष ध्यान हाई रिस्क क्षेत्रों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों, घुमंतू आबादी तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे ट्रांजिट प्वाइंट्स पर दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रह जाए।

## आरटीओ इंदौर द्वारा पाँच यात्री बसें जब्त

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। परिवहन आयुक्त श्री उमेश जोगा और इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ इंदौर और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता इंदौर ने यात्री बसों और अन्य वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही कर पाँच यात्री बसे जब्त की आरटीओ द्वारा तीन इमली चौराहे पर यात्री वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में वाहनो के परमिट ,फिटनेस ,बीमा सहित सभी दस्तावेज चेक किये गए। वाहनों का निरीक्षण भी किया गया जिसमें चेक किया



गया की वाहन फिटनेस शर्तो, परमिट शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। फायर सेफ्टी उपकरण ,स्पीड गवर्नर सही से काम तो कर रहे है। साथ ही यात्रियों से फीडबैक भी लिया गया की वाहन चालक, वाहन को तेज गति से तो नही चलाते है, या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग तो नहीं करते है। उक्त कार्यवाही आरटीओ प्रदीप शर्मा,परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी आकाश सिटोले द्वारा की गई इसके साथ ही बताया कि यात्री बसों और स्कूल/शैक्षणिक संस्था बसों में सुरक्षा मानको की पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु इंदौर जिले में स्थित स्कूली/कॉलेज के वाहनों की आकस्मिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## बिजली के खंभे में करंट उतरने से गौमाता की मौत, भाजपा नेता राम कश्यप ने संभाला मोर्चा

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर स्टेशन रोड पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। बिजली के खंभे में करंट उतर आने से एक गौमाता उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा वार्ड क्रमांक 10 के मंडल मीडिया प्रभारी राम कश्यप स्थानीय नागरिकों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने संबंधित बिजली विभाग एवं अन्य अधिकारियों को सूचना देकर तुरंत कार्रवाई कराई। साथ ही मृत गौमाता को सम्मानपूर्वक हटाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी करवाई। राम कश्यप ने बताया कि पूरे मामले के समाधान तक वे देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद रहे और संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र के सभी बिजली के खंभों की जांच कर दोषपूर्ण खंभों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सार्वजनिक स्थानों व ढाबों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 16 प्रकरण दर्ज

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं ढाबों पर अवैध मदिरा सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राघवेंद्र सिंह कुशवाह, जहांगीर खान एवं प्रीति चौबे के नेतृत्व में 26 जून 2026 को वृत्त पलासिया, बलदा कॉलोनी की प्रभारी उप-निरीक्षक प्रियंका रानीचौरसिया की टीम ने विभिन्न स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान रिंग रोड स्थित एनपीडी, यश का ढाबा, ढाबा शाबा, काका की महफिल, कमाल कपूर एवं वीर जी का ढाबा सहित अन्य स्थानों पर सार्वजनिक रूप से मदिरापान एवं आबकारी अधिनियम के उल्लंघन पाए जाने पर धारा 36-ए के तहत 8 प्रकरण तथा धारा 36-बी के तहत 8 प्रकरण, कुल 16 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान लगभग 10 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है।

आबकारी विभाग ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सामाजिक रूप से नशामुक्त एवं सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक कैलाश अखाड़े, परमजीत कौर एवं अजय चंद्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# सहजयोग आज का महायोग

## हृदय चक्र की जागृति से प्राप्त होती है निडरता, आत्मविश्वास एवं ओजस्विता

भारतीय योग परंपरा में अनहद (हृदय) चक्र को प्रेम, करुणा, सुरक्षा और आत्मबल का केंद्र माना गया है। यह सूक्ष्म शरीर का चौथा चक्र है, जो उरोस्थि (स्टर्नम) के पीछे मेरुरज्जु में स्थित है तथा इसकी बारह पंखुड़ियाँ हैं। बाल्यावस्था में यह चक्र रोग प्रतिकारक क्षमता के विकास से भी जुड़ा माना जाता है।

### परम पूज्य श्री माताजी के अनुसार हृदय चक्र के तीन प्रमुख आयाम हैं

दाहिने भाग पर श्रीराम का स्थान है, जो मर्यादा, उत्तरदायित्व और पितृ संरक्षण के प्रतीक हैं। बाएँ भाग का संबंध श्री शिव तथा मातृत्व से है, इसमें आत्मस्वरूप श्री सदाशिव का वास होता है। मध्य भाग देवी जगदम्बा का स्थान है, ये हमें निडरता तथा साहस प्रदान करती हैं। नियमित सहजयोग ध्यान द्वारा जब यह केंद्र संतुलित होता है, तब भय दूर होकर धैर्य, साहस और आत्मविश्वास का विकास होता है।

### श्री माताजी ने अपने प्रवचनों में बताया है

कि हृदय चक्र की जागृति से मनुष्य के भीतर निस्वार्थ प्रेम, सुरक्षा की भावना, आत्मविश्वास और निर्भयता का संचार होता है। कुण्डलिनी शक्ति जब इस चक्र को प्रकाशित करती है, तब साधक अपने वास्तविक आध्यात्मिक स्वरूप का अनुभव करने लगता है और उसके व्यक्तित्व में ओजस्विता एवं संतुलन का विकास होता है। हमारे सूक्ष्म शरीर में स्थित कुण्डलिनी शक्ति तथा चक्र आध्यात्मिक विकास की सीढ़ियां हैं।

सहजयोग ध्यान द्वारा साधक इन चक्रों के जागरण के माध्यम से अंततः अपने हृदय में स्थित शिव तत्व का अनुभव करता है। आत्मसाक्षात्कार की यह सहज प्रक्रिया प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध है और जीवन में शांति, संतुलन तथा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। सहजयोग ध्यान निःशुल्क, सरल एवं सभी के लिए उपलब्ध है। आत्मसाक्षात्कार एवं निकटतम सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800 2700 800 पर अथवा www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।



## :: आत्मसाक्षात्कार ::

### सहजयोग द्वारा स्वयं को जानने की सहज यात्रा

अपने आप को जानना ही जीवन का सबसे बड़ा ज्ञान है। मनुष्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है—"मैं कौन हूँ?" इसी प्रश्न का उत्तर आत्मसाक्षात्कार है। इसका अर्थ है अपने वास्तविक स्वरूप, अर्थात् शुद्ध आत्मा का प्रत्यक्ष अनुभव करना। जब व्यक्ति यह अनुभव करता है कि वह केवल शरीर या मन नहीं, बल्कि एक शाश्वत चेतना है, तभी उसके जीवन में शांति, संतुलन और आनंद का उदय होता है। सामान्य धारणा रही है कि आत्मसाक्षात्कार केवल कठिन तपस्या या संन्यास से ही संभव है। किंतु द्वारा स्थापित सहजयोग इस धारणा को सरल बनाता है। सहजयोग के अनुसार आत्मसाक्षात्कार



प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है और यह सहज, प्राकृतिक तथा अनुभव-आधारित प्रक्रिया से प्राप्त किया जा सकता है। "सहज" का अर्थ है—जो स्वाभाविक हो, और "योग" का अर्थ है—परम चेतना से मिलन। सहजयोग का आधार यह है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर स्थित कुण्डलिनी नामक सूक्ष्म आध्यात्मिक शक्ति, उचित परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से जागृत होकर व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करा सकती है।सहजयोग में ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित कुण्डलिनी शक्ति के जागरण का अनुभव करता है।

## एकाग्रता और कार्यक्षमता में सुधार लाता है सहजयोग

**आज का युग तीव्र प्रतिस्पर्धा, भागदौड़ और निरंतर मानसिक व्यस्तता का युग है**



मनुष्य का अधिकांश समय भविष्य की चिंताओं और अतीत की स्मृतियों में बीत जाता है, जिसके कारण मन वर्तमान कार्य पर पूरी तरह केंद्रित नहीं रह पाता। परिणामस्वरूप तनाव बढ़ता है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और कार्य की गुणवत्ता में भी कमी आने लगती है। ऐसे समय में सहजयोग ध्यान एक ऐसी साधना के रूप में सामने आता है, जो व्यक्ति को अपने भीतर की शांति से जोड़कर मन को स्थिर और एकाग्र बनाने का मार्ग प्रदान करता है।

**सहजयोग केवल ध्यान करने की एक विधि नहीं है, बल्कि यह आत्म-साक्षात्कार का एक सहज मार्ग माना जाता है**

इसकी स्थापना श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस उद्देश्य से की कि प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी कठिन तपस्या या जटिल साधना के अपने भीतर विद्यमान आध्यात्मिक कुंडलिनी शक्ति का अनुभव कर सके।

»» प्रत्येक मनुष्य के भीतर मेरुदंड के मूल में कुण्डलिनी नामक एक सूक्ष्म आध्यात्मिक शक्ति सुप्त अवस्था में विद्यमान रहती है। जब यह शक्ति जागृत होती है, तब साधक का ध्यान सहज रूप से भीतर की ओर स्थापित होने लगता है और वह विचारों के निरंतर प्रवाह से ऊपर उठकर निर्विचार जागृति (Thoughtless Awareness) की अवस्था का अनुभव कर सकता है। इसी अवस्था में मन वास्तविक शांति, संतुलन और स्पष्टता प्राप्त करता है। जब मन अनावश्यक विचारों और मानसिक तनाव से मुक्त होने लगता है, तब स्वाभाविक रूप से एकाग्रता बढ़ती है। व्यक्ति का ध्यान बार-बार भटकने के बजाय वर्तमान कार्य पर टिकने लगता है। विद्यार्थी पढ़ाई में अधिक मन लगा पाते हैं, कर्मचारी अपने कार्यों को अधिक दक्षता से पूरा कर सकते हैं और व्यवसायी अधिक स्पष्ट एवं संतुलित निर्णय लेने में सक्षम हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन में भी धैर्य, समझदारी और सकारात्मक सोच का विकास होने से पारिवारिक संबंध अधिक मधुर बन सकते हैं।

सहजयोग का नियमित अभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शांत और संतुलित मन परिस्थितियों का बेहतर विश्लेषण करता है, समय का सदुपयोग करता है और चुनौतियों का सामना घबराहट के बजाय विवेक से करता है। जब मानसिक ऊर्जा अनावश्यक चिंताओं में व्यर्थ नहीं होती, तब वही ऊर्जा रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और उत्पादक कार्यों में लगने लगती है। इससे व्यक्ति कम समय में अधिक गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की क्षमता विकसित कर सकता है। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों में भी सहजयोग ध्यान को तनाव कम करने, ध्यान क्षमता बढ़ाने और मानसिक स्पष्टता विकसित करने में सहायक पाया गया है। नियमित सहजयोग ध्यान के मानसिक लाभों को लेकर पर्याप्त शोध उपलब्ध हैं। यही कारण है कि आज विश्व के अनेक देशों में लोग मानसिक संतुलन और बेहतर जीवनशैली के लिए सहजयोग का अभ्यास कर रहे हैं।

### अंततः कहा जा सकता है

»» एकाग्रता और कार्यक्षमता केवल बाहरी संसाधनों से नहीं, बल्कि मन की आंतरिक स्थिरता से विकसित होती हैं। सहजयोग व्यक्ति को उसी आंतरिक स्थिरता का अनुभव कराने का प्रयास करता है। जब मन शांत, संतुलित और निर्विचार होता है, तब विचार अधिक स्पष्ट होते हैं, निर्णय अधिक प्रभावी होते हैं और प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता स्वतः दिखाई देने लगती है। इसलिए सहजयोग केवल ध्यान की एक तकनीक नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवन-दर्शन है जो व्यक्ति को भीतर से सशक्त बनाकर उसके व्यक्तित्व, कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता को नई दिशा देने का प्रयास करता है। सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल-फ्री नंबर 1800-2700-800 ...



## रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्मारिका का भव्य विमोचन

**रणजीत टाइम्स के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित विशेष स्मारिका (मैगज़ीन) का भव्य विमोचन स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खरीवाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।**

इंदौर। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रणजीत टाइम्स की दस वर्षों की निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता की सराहना करते हुए संस्था के उज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने संस्था द्वारा समाज के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा पत्रकारिता के उच्च मानकों का पालन करने के प्रयासों की प्रशंसा की।

### स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खरीवाल

»» संबोधन में कहा कि रणजीत टाइम्स ने पिछले एक दशक में जनसरोकारों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने रणजीत टाइम्स परिवार को 10 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि संस्था भविष्य में भी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सेवा करती रहेगी।



## शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पोहरी में 25 लाख की चोरी का 36 घंटे में पर्दाफाश, अंतर्राज्यीय गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरीः शिवपुरी जिले की पोहरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी की एक बड़ी वारदात का महज 36 घंटों के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी गए 25 लाख रुपये के मशरूका (सामान और नकदी) के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था।

**क्या था मामला?**

फरियादी अनुज शर्मा ने 25 जून 2026 को पुलिस को सूचना दी थी कि 24 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उनके भाई नीतू शर्मा के घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषणों से भरी लोहे की तिजोरी (वजन लगभग 3 क्विंटल), 85,000 रुपये नकद और एक पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से धारा 331(4), 305(a) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**पुलिस की विशेष रणनीति और रिकवरी**

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले व



एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेजः पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे चोरों की भागने की दिशा स्पष्ट हुई। चकराना रोड पर पुलिया के नीचे से चोरी गई मोटरसाइकिल और टूटी हुई तिजोरी बरामद की गई। मुखबिर की सूचनाः 27 जून की रात सूचना मिली कि तीन संदिग्ध आईटीआई कॉलेज पोहरी के पीछे नाले में माल बांट रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को धर दबोचा।

**बरामद मशरूका**

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मिट्टी में दबाकर छुपाया गया माल बरामद कियाः सोने के आभूषणः मंगलसूत्र, अंगूठी, कड़े, जंजीर, झुमकी आदि।

चांदी के आभूषणः करधौनी, पायल, तोड़िया, बिछिया, सिक्के आदि।

कुल बरामदगीः 23 लाख के आभूषण, 85,000 नकद, मोटरसाइकिल (70 हजार), तिजोरी (40 हजार) और एक अवैध देशी बंदूक, कुल कीमत 25 लाख रुपये।

अंतर्राज्यीय गिरोह का है सदस्य गिरफ्तार आरोपियों में से श्रीवल्लभ पारदी अंतर्राज्यीय गिरोह का सदस्य है, जिस पर चोरी, लूट, डकैती और हत्या के प्रयास के कई मामले दर्ज हैं। राजस्थान के कोटा रेंज द्वारा उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। दूसरा आरोपी रामनिवास मोगिया भी अंतर्राज्यीय गिरोह का सदस्य है, जिस पर मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न थानों में कई संगीन अपराध दर्ज हैं। तीसरा आरोपी रामेश्वर गोस्वामी स्थानीय निवासी है।

पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी पोहरी रवि चौहान, थाना प्रभारी सुभाषपुरा अरविंद चौहान, साइबर सेल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह जाट और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक ने इस पूरी टीम की कार्यकुशलता की सराहना की है।

## रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्मारिका का भव्य विमोचन

रणजीत टाइम्स के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित विशेष स्मारिका (Magazine) का शुभ विमोचन इंदौर स्थित श्री रणजीत हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर रणजीत टाइम्स परिवार ने भगवान श्री रणजीत हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर संस्था की निरंतर प्रगति, निष्पक्ष पत्रकारिता एवं जनसेवा के संकल्प को दोहराया।





# दावों की खुली पोल

## खकनार में दिव्यांग उपकरण शिविर हुआ 'फ्लॉप शो', विभाग की लापरवाही से खाली हाथ लौटे ग्रामीण



**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

खकनार (बुरहानपुर) :- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की घोर लापरवाही और लचर कार्यप्रणाली का एक बड़ा नमूना सोमवार, 29 जून 2026 को खकनार ब्लॉक में देखने को मिला। भारत सरकार की 'एडिप' योजना के तहत एलिम्को (ALIMCO) टीम के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण बांटने के लिए जो 'असेसमेंट शिविर' लगाया गया था, वह प्रशासनिक सुस्ती और कुप्रबंधन की भेंट चढ़ गया। जिस शिविर से सैकड़ों दिव्यांगों को लाभ मिलना था, वहां विभाग की नाकामी के चलते एलिम्को टीम द्वारा सिर्फ 7 पात्र दिव्यांगों का ही चयन किया जा सका।

**साढ़े तीन घंटे लेट पहुंचा मेडिकल बोर्ड, डॉक्टरों की मनमानी**

शिविर में व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ती साफ देखी गईं। नियमानुसार, जिला मेडिकल बोर्ड के विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को सुबह 10:00 बजे शिविर स्थल पर उपस्थित होना था। लेकिन, डॉक्टरों ने अपनी मर्जी चलाते हुए दिव्यांगों को कड़कती धूप और इंतजार में छोड़ दिया।

**लापरवाही का आलम**

मेडिकल बोर्ड की टीम सुबह 10 बजे के बजाय दोपहर लगभग 1:30 बजे शिविर स्थल पहुंची। हद तो तब हो गई जब इस टीम में से भी कई महत्वपूर्ण डॉक्टर नदारद (अनुपस्थित) थे।

हवा-हवाई साबित हुआ प्रचार-प्रसार, खाली कुर्सियां देती रहीं गवाही- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निकाय प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि दूर-दराज के दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा शिविर स्थल पर दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने को कहा गया था। लेकिन खकनार ब्लॉक की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही थी। निकाय प्रमुख और स्थानीय प्रशासन ने प्रचार-प्रसार की कोई पुख्ता प्लानिंग ही नहीं की। नतीजा यह हुआ कि इतनी सारी पंचायतों वाले इस ब्लॉक में अनुमानित संख्या के मुकाबले नाममात्र के ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों तक सूचना ही नहीं पहुंची, जिसके कारण शिविर स्थल सूना नजर आया।

UDID कार्ड का संकटः बिना प्लानिंग के लगा दिया शिविर- शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ब्रेल किट और स्मार्ट फोन जैसी जरूरी चीजें देना था। लेकिन विभाग ने बिना किसी पूर्व योजना (प्रॉपर प्लानिंग) के यह शिविर आयोजित कर दिया। शिविर में पहुंचे कई ग्रामीणों के पास यूडीआईडी (UDID) कार्ड ही नहीं थे।

**विभाग की बड़ी सुस्ती**

विभाग को शिविर से पहले ही खकनार ब्लॉक के छूटे हुए दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाकर तैयार रखने चाहिए थे।

वर्तमान में इस ब्लॉक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के कार्ड नहीं बने हैं। बिना कार्ड के पहुंचे कई दिव्यांगों को पात्रता न मिलने के कारण मायूस होकर बैरंग (वापिस) लौटना पड़ा। उद्देश्य से भटका 'सामाजिक न्याय' विभाग- इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि विभाग ने केवल कागजी खानापूर्ति के लिए इस शिविर का आयोजन किया था। चयनित लोगों को सही तरीके से शिविर तक पहुंचाने और उनकी जरूरी कागजी औपचारिकताएं पहले पूरी करने में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग पूरी तरह नाकाम रहा। महज 7 लोगों के चयन के साथ खकनार ब्लॉक में आयोजित इस शिविर का जो मुख्य उद्देश्य था, उसकी पूर्ति रत्ती भर भी नहीं हो सकी। अब देखना यह है कि इस गंभीर लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या गाज गिरती है।

# रात भर चला झाबुआ पुलिस का कांबिंग गस्त अभियान

## 150 से अधिक पुलिसकर्मियों की संयुक्त कार्रवाई,18 स्थायी वारंटी गिरफ्तार (6 इनामी वारंटी सहित), 8 गिरफ्तारी वारंट तामील

## अवैध शराब और हथियारों पर भी कार्रवाई, 10 आबकारी व 1 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज

सलीम हुसैन

**झाबुआ,। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों में कानून का भय कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में झाबुआ पुलिस द्वारा जिलेभर में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया।**



अभियान के दौरान पुलिस ने फरार अपराधियों, स्थायी वारंटियों, निगरानी बदमाशों एवं अन्य वांछित आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर व्यापक कार्रवाई की। इस अभियान में 3 राजपत्रित अधिकारियों सहित 150 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान 18 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 6 इनामी स्थायी वारंटी भी शामिल हैं। इन पर कुल 18 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा 8 गिरफ्तारी वारंटों की भी तामील की गई।

**कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिलेभर में 89 गुंडा चेक,**

65 निगरानी बदमाश चेक, 2 संपत्ति संबंधी अपराधियों तथा 3 जिला बदर अपराधियों का सत्यापन किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच कर आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 10 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि आर्म्स एक्ट के तहत 1प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। झाबुआ पुलिस ने बताया कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत हो और अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश



सलीम हुसैन

**झाबुआ,।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकरणों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन एवं रिकॉर्ड दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। साथ ही राजस्व वसूली, साइबर तहसील एवं भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए। बैठक में आरबीसी 6-4 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई अपडेट, आधार-आरओआर रिपोर्ट, उच्च न्यायालय में लंबित अवमानना प्रकरणों, भू-अर्जन प्रकरणों, नक्शा तरमीम एवं दुरुस्ती, धारणाधिकार तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यों में प्रगति लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सी.एस. सोलंकी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

सलीम हुसैन

**झाबुआ,। जून वर्षा ऋतु के दौरान दूषित पानी एवं अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया एवं टाइफाइड जैसी जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इन बीमारियों की रोकथाम एवं जनसामान्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक सावधानियां एवं बचाव संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।**




स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खाने-पीने के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का उपयोग करें। यदि पेयजल के दूषित होने की संभावना हो तो पानी को उबालकर अथवा क्लोरीन की गोली का उपयोग कर शुद्ध करने के बाद ही सेवन करें। सुरक्षित पेयजल स्रोतों का ही उपयोग किया जाए।

जनसामान्य को सलाह दी गई है कि शौच के बाद हाथों को साबुन एवं स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोएं तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ताजा एवं स्वच्छ भोजन का ही सेवन करें तथा अधिक समय से रखे हुए अथवा बासी खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। खाद्य पदार्थों एवं भोजन को सदैव ढंककर रखें, ताकि वे मक्खियों एवं धूल-मिट्टी से दूषित न हों। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों, सड़े-गले एवं कटे-फटे फलों का सेवन न करें। सब्जियों एवं फलों को उपयोग से पूर्व स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोएं तथा साफ चाकू से काटकर ही उपयोग में लें। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से शौचालयों को स्वच्छ रखने, खुले में शौच नहीं करने तथा आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने की भी अपील की है। विभाग ने कहा है कि इन सावधानियों का पालन कर जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सकता है तथा वर्षा ऋतु में स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रखा जा सकता है।

# 01 जुलाई को जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन

सलीम हुसैन

**झाबुआ,।** झाबुआ जून कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देशन में मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी नीति के अंतर्गत जिले के युवाओं को रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन 01 जुलाई 2026 (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय, झाबुआ में किया जाएगा। युवा संगम में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थाओं की लगभग 5 से 7 कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा तथा




रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल स्थापित कर शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना तथा मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग हेतु आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। युवा संगम में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त की हो। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी साथ लाना आवश्यक होगा। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा आयोजन के सफल संचालन एवं अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

# इंदौर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब सहित दो मोटरसाइकिलें जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

## लगभग 1.80 लाख रुपये मूल्य की अवैध मदिरा जब्त

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है।**

अभियान के तहत विभिन्न आबकारी दलों द्वारा इंदौर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चेक प्वाइंट बनाकर सघन वाहन जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार, 28 जून 2026 को आबकारी विभाग की टीमों



ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा अवैध मदिरा एवं परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त कीं। वृत्त महू 'अ' की टीम ने जांच के दौरान संदेह के आधार पर राहुल पिता केसर सिंह, निवासी पिगडम्बर, महू की मोटरसाइकिल क्रमांक MP-09-XD-7682 की तलाशी ली।

**तलाशी के दौरान**

वाहन से देसी मदिरा मसाला बरामद हुई। आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। जब्त सामग्री एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 85,300 रुपये आंका गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी प्रकार, कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त आंतरिक-2 की प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जया मुजाल्दे की टीम ने सदर बाजार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए संदीप पिता धर्मेंद्र मौर्या, निवासी सदर बाजार, इंदौर की मोटरसाइकिल क्रमांक MP-09-VD-1677 की तलाशी ली। वाहन में रखे प्लास्टिक के बोरे से 100 क्वार्टर (18 बल्क लीटर) देसी मदिरा मसाला बरामद की गई। अवैध मदिरा एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया, जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 95,000 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा एवं राहुल जामोद का विशेष योगदान रहा। जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वेदों ने जिस मार्ग का प्रतिपादन किया वही धर्म है:पं सरजूशरण शास्त्री

**चीफ हेमंत भार्गव**

**बिलैया परिवार के यहा चल रहा धार्मिक अनुष्ठान**

**करैरा ब्यूरो** - नगर हुआ भक्तिमय प्रतिष्ठित समाजसेवी व्यापारी अनिल बिलैया रामबाबू बिलैया, वीरेन्द्र बिलैया,मनोज बिलैया, पत्रकार संजय



बिलैया,मनीष बिलैया, शैलेश बिलैया परिवार के यहा 23 जून कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। सपादलक्ष्य शिव पार्थिव पूजन रूद्राभिषेक महामृत्युंजय जाप श्रीमद्भागवत में चल रहे सपाद् लक्ष्य महामृत्युंजय जाप सपादलक्ष्य शिव पार्थिव पूजन श्रीमद् भागवत मूल पाठ एवं श्री नवचण्डी पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा चल रहा है जिसके मुख्य यजमान श्री मती रूपाली अमित बिलैया, आयोजन के अचार्य पंडित श्री सरजू शरण शास्त्री करैरा ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए बताया की वेदों ने जिस मार्ग का प्रतिपादन किया वही धर्म है को देव कहते हैं वेदों में जिस मार्ग का खंडन किया है वही अर्धम में जो धर्मवान होता है वह दयावान, सत्यवान, श्रदावान एवं तपवान होता है। धर्म की तरह धर्मपरिन है अधर्म के परिन का नाम हिंसा है। जो अधर्मी होते हैं उनके अंदर हिंसात्मक प्रवृत्ति होती है। अतः जो भी भक्त शिव पार्थिव पूजन रूद्राभिषेक करते हैं उनके सभी कष्ट पीड़ा दूर करते हैं - महादेव। प्रतिदिन समाजसेवी ,ईष्ट मित्र, नाते रिस्तेदार,गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण सहित सैकड़ो की संख्या प्रतिदिन सभी भक्तो वेलपत्र चढाकर पूजा अर्चना की बाबा भोलेनाथ की आरती कर प्रसाद लिया। सपादलक्ष शिव पार्थिव पूजन रूद्राभिषेक कर वेलपत्र चढाया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक, नगर परिषद अध्यक्ष पति रामस्वरूप रावत, गहोई वैश्य महासभा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश बंधु , भोगीलाल बिलैया, चौरासी क्षेत्रीय वरिष्ठ संघ पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश पहारिया, चौरासी क्षेत्रीय अध्यक्ष रामेन्द्र छिरौल्या, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद नीखरा, चौरासी क्षेत्रीय महिला मंडल अध्यक्ष श्री मती मनीषा नौगरैया, वशिष्ठ समाजसेवी प्रदीप सेठ, गहोई समाज अध्यक्ष रामगोपाल कुचिया, पवन निगोती, महिला मंडल अध्यक्ष श्री मती भावना सुरेन्द्र नगरिया, संगठन मंत्री श्री मती नेहा मोनू गुप्ता, गणेश दुबे, राकेश नीखरा, महेश नगरिया,मुकेश पंडा,अशोक चौधरी, नरेश सरावगी, कौशल किशोर बौहरे ,बंटी रावत सहित एक सैकडा से अधिक भक्त शामिल हुए। भोले बाबा के भक्ति के रस मे डूब गए।

# 400 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, 'रंग कला-2026' प्रतियोगिता संपन्न





**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर। भारतीय कलाकार संघ ग्वालियर, बेताल केन आर्ट ग्रुप एवं नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कला वीथिका, पड़ाव में "रंग कला-2026" पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से 400 से अधिक बच्चों एवं युवाओं ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में कला के प्रति रुचि विकसित करना, सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना था। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक कलाकृतियां प्रस्तुत कर निर्णायकों और दर्शकों का मन मोह लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में समूह 'ए' में मेधांश फाल्के, समूह 'बी' में आयुषी सेन तथा समूह 'सी' में लक्ष्मी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में समूह 'ए' में हिमांशु माहौर एवं समूह 'बी' में पलक राजपूत प्रथम रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सुनील जाटव, खुशी वरधिया एवं कार्तिक सोनी को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ कलाकार बलवीर खरे, देवेन्द्र शाक्य एवं भूपेन्द्र सिंह चौहान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम ग्वालियर के सहायक नोडल अधिकारी शैलेन्द्र सक्सेना, एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी के अध्यक्ष संजय कट्टल, भारतीय कलाकार संघ के राष्ट्रीय संयोजक अंकुर पेंटर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पालन सर तथा इंदरगंज थाना प्रभारी दीप्ति तोमर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कला को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन बेताल केन, कुलदीप राजौरिया एवं नवीन वर्मा ने किया। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, सहयोगी संगठनों एवं टीम सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत यशिका शिवहरे द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# झाबुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 2.1 किलो अवैध गांजा जब्त, आदतन अपराधी गिरफ्तार

**सलीम हुसैन**

पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में जिले में अवैधमादक पदार्थों के व्यापार एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं एसडीओपी झाबुआ कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली झाबुआ निरीक्षक आर.सी. भास्करे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध गांजा तस्करी के विरुद्ध महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। दिनांक 28 जून को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम बावड़ीमाफी में अमरसिंह उर्फ अमरा पिता बदिया डामोर* के घर पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 33,000 है, बरामद कर जब्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी अमरसिंह उर्फ अमरा डामोर के विरुद्ध पूर्व से ही अवैध शराब एवं गांजा विक्रय, मारपीट, प्राणघातक हमला, अपहरण एवं



बलात्कार सहित कुल 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

इस सराहनीय कार्रवाई में सउनि. के.के. तिवारी, सउनि. ज्ञानबहादुर सिंह, आरक्षक भलसिंह, आरक्षक भुरसिंह, आरक्षक अजय, महिला प्रधान आरक्षक लक्ष्मी तथा महिला आरक्षक रेखा का विशेष योगदान रहा। झाबुआ पुलिस द्वारा जिले में अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 30 जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक



# नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## गुरु सिख मॉल की बड़ी स्क्रीन पर राहुल गांधी का आंदोलन प्रसारित

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

**बुरहानपुर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध का अनोखा तरीका अपनाया।**

शहर के गुरु सिखर मॉल की बड़ी स्क्रीन पर राहुल गांधी द्वारा विद्यार्थियों के हित में चलाए जा रहे आंदोलन के वीडियो प्रदर्शित किए गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखे आरोप लगाए और कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य की रक्षा करने में विफल रही है। गुरु सिख



मॉल में बड़ी स्क्रीन पर राहुल गांधी के आंदोलन के दृश्य दिखाए गए। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि देशभर में नीट पेपर लीक से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित रखने में असफल रही है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

**कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हमीद काज़ी ने कहा**

कि राहुल गांधी लगातार विद्यार्थियों के अधिकारों की आवाज उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार इस पूरे मामले में जवाबदेही से बच रही है, जबकि देशभर के छात्र निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

**नगर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव ने कहा**

नीट पेपर लीक से विद्यार्थियों और उनके परिवारों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएगी और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस ने मांग की है कि नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

## ग्राम भिचौली में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का आत्मीय स्वागत

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया ग्राम भिचौली में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का आत्मीय स्वागत कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने हेतु चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जुगनू जादवसिंह धनावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद टेलर, महेंद्र यादव, घनश्याम यादव, लाखनसिंह दरबार, पंकज मीणा, जनपद प्रतिनिधि विलीन पाटीदार, भगवान चौधरी,विवेकसिंह मीणा, यदुनंदन पाटीदार, कृष्ण गोपाल शर्मा, लोकेश धनावत,युवा कांग्रेस मानपुर अध्यक्ष रामकिशन मेड़ा, आदर्श मीणा, अंकित मीणा, गणेश, मनोहर मीणा, रियाज खान , शिवम सिंह, सूर्यदेव सिंह इत्यादि सैकड़ो कांग्रेसजनो ने उपस्थित होकर स्वागत किया।





# वंदे भारत एक्सप्रेस में मिलेगी सांची की बायोमैजिक दही

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर-नागपुर रूट पर आपूर्ति शुरू, अन्य ट्रेनों में भी जल्द होगी उपलब्ध

इंदौर मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित सहकारी दुग्ध ब्रांड सांची के उत्पाद अब वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों को भी उपलब्ध होंगे। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ (मर्या.) ने सोमवार से इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सांची बायोमैजिक दही (Biomagic Curd) की आपूर्ति शुरू कर दी है। यात्रियों को यह उत्पाद वृंदावन फूड प्रोडक्ट के माध्यम से परोसा जाएगा। संघ के अधिकारियों के अनुसार यह पहल केवल एक ट्रेन तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख यात्री ट्रेनों में भी सांची के दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन से चर्चा जारी है।

सांची ब्रांड प्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों से सीधे दूध खरीदकर उच्च गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद तैयार करता है और उन्हें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाता है। वर्तमान में प्रदेश के सभी सहकारी दुग्ध संघों का संचालन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के प्रबंधन में किया जा रहा है। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि यह उपलब्धि संघ के विपणन क्षेत्र में किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सहकारी उत्पाद उपलब्ध कराना संघ की प्राथमिकता है और भविष्य



में अन्य ट्रेनों में भी सांची उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

**कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बुरहानपुर :- बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन, आजीविका सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान क्षीरधारा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित



अधिकारियों को कार्यों में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही परख एप पर निरीक्षण रिपोर्ट नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत नॉन-अटेंडेड न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के निराकरण में गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कार्यों में प्रगति लाने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ श्री वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डॉग बाइट प्रकरणों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि डॉग बाइट के मामलों का विश्लेषण कर ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाए, जहां से अधिक प्रकरण सामने आ रहे हैं। चिन्हित क्षेत्रों में आवश्यक नियंत्रणात्मक एवं रोकथाम संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय के साथ कार्य करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )